# राष्ट्रीय आय 2005-06 के त्वरित प्राक्कलन और राष्ट्रीय आय 2006-07 के संशोधित प्राक्कलन : पुनरीक्षण *

31 जनवरी 2007 को केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) ने 'राष्ट्रीय आय, उपभोग-व्यय, बचत और पूंजी निर्माण 2005-06' के त्वरित प्राक्कलनों को जारी किया। ये प्राक्कलन वर्ष 1999-2000 से 2005-06 तक के विभिन्न समष्टि आर्थिक कुल राशियों के आंकड़े देते हैं। इसके बाद सीएसओ ने 31 मई 2007 को राष्ट्रीय आय 2006-07 के संशोधित प्राक्कलन को भी जारी किया। ये वर्ष 2006-07 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का अनुमान प्रस्तुत करते हैं। यह लेख त्वरित और संशोधित प्राक्कलनों में दी गयी विभिन्न समष्टि-आर्थिक कुल राशियों की प्रवृत्तियों का पुनरीक्षण करता है।

यह कहा जा सकता है कि 31 जनवरी 2006 को सीएसओ ने राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के आधार-वर्ष को 1993-94 से बदलकर 1999-2000 कर दिया। सीएसओ ने अब पाँचवीं बार आधार-वर्ष बदल दिया है। अर्थ व्यवस्था की अधिक यथार्थ स्थिति को दिखाने के लिए, अर्थ-व्यवस्था में हो रहे संरचनात्मक परिवर्तन के घटकों को शामिल करने के लिए ऐसा किया गया है। आधार वर्ष बदलने के अलावा, राष्ट्रीय लेखा पर संयुक्त राष्ट्र की प्रणाली, 1993 (यूएनएसएनए, 1993) की सिफ़ारिशों के अनुसरण में, व्याप्तिगत सुधार भी किये गये।

## 1. सकल घरेलू उत्पाद :

राष्ट्रीय आय के त्वरित प्राक्कलनों के अनुसार अर्थ व्यवस्था के विकास के अतिमहत्वपूर्ण संकेतक अर्थात् वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद ने 2004-05 की 7.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2005-06 में 9.0 प्रतिशत की वृद्धि (सारणी 1, चार्ट 1) दर्ज की है। इसके बाद वर्ष 2006-07 के संशोधित प्राक्कलनों में जी डी पी की वृद्धि 2005-06 के उच्च 9.0 प्रतिशत से अधिक 9.4 प्रतिशत पर अनुमानित है।

* भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई के आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग के राष्ट्रीय आय, बचत और निधि-प्रवाह प्रभाग द्वारा तैयार किया गया।

**सारणी 1 : उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद का क्षेत्रीय संघटन (1999-2000 के मूल्यों पर)**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05@ | 2005-06* | 2006-07# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | **2.7** | **–0.2** | **6.3** | **–7.2** | **10.0** | **0.0** | **6.0** | **2.7** |
| **II. उद्योग** | **3.5** | **6.4** | **2.4** | **6.8** | **6.0** | **8.4** | **8.0** | **11.0** |
| क) खनन और उत्खनन | 3.2 | 2.4 | 1.8 | 8.8 | 3.1 | 7.5 | 3.6 | 5.1 |
| ख) विनिर्माण | 3.2 | 7.7 | 2.5 | 6.8 | 6.6 | 8.7 | 9.1 | 12.3 |
| ग) बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 5.5 | 2.1 | 1.7 | 4.7 | 4.8 | 7.5 | 5.3 | 7.4 |
| **III. सेवाएँ** | **9.3** | **5.7** | **6.8** | **7.4** | **8.9** | **10.0** | **10.3** | **11.0** |
| क) निर्माण | 8.4 | 6.2 | 4.0 | 7.9 | 12.0 | 14.1 | 14.2 | 10.7 |
| ख) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 7.3 | 5.2 | 9.6 | 6.9 | 10.3 | 8.4 | 8.2 | 13.0^ |
| ग) परिवहन, भंडारण और संचार | 10.2 | 11.2 | 8.2 | 13.6 | 15.1 | 15.2 | 13.9 | .. |
| घ) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 9.2 | 4.1 | 7.3 | 8.0 | 5.6 | 8.7 | 10.9 | 10.6 |
| ङ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 11.5 | 4.8 | 4.1 | 3.9 | 5.4 | 7.9 | 7.7 | 7.8 |
| **IV. सकल घरेलू उत्पाद (I+II+III)** | **6.4** | **4.4** | **5.8** | **3.8** | **8.5** | **7.5** | **9.0** | **9.4** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन। * : त्वरित प्राक्कलन। # : संशोधित प्राक्कलन।
.. : उपलब्ध नहीं। ^ : परिवहन, भंडारण और संचार शामिल है।

## *1.1 क्षेत्रीय वृद्धि और सकल घरेलू उत्पाद की संरचना :*


2006-07 के दौरान वास्तविक जी डी पी में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि मुख्य रूप से उप क्षेत्रों, अर्थात् 'विनिर्माण', 'बिजली, गैस और जल आपूर्ति', 'व्यापार होटल और रेस्तराँ', 'परिवहन और संचार' तथा 'सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ' से आगे बढ़ाई गई हैं।

क्षेत्रीय स्तर पर, कृषि क्षेत्र की वृद्धि 2005-06 के 6.0 प्रतिशत से कम होकर 2006-07 में 2.7 प्रतिशत पर रखी गयी है। उद्योग से उत्पन्न जी डी पी की वृद्धि-दर 2005-06 के 8.0 प्रतिशत से सार्थक रूप से बढ़कर 2006-07 में 11.0 प्रतिशत (चार्ट 1) होने का अनुमान है। यह वृद्धि उद्योग के उप क्षेत्रों, अर्थात् 'विनिर्माण' (2005-06 के 9.1 प्रतिशत से 2006-07 में 12.3 प्रतिशत), 'बिजली, गैस और जल आपूर्ति' (2005-06 के 5.3 प्रतिशत से 2006-07 में 7.4 प्रतिशत) और 'खनन और उत्खनन' (2005-06 के 3.6 प्रतिशत से 2006-07 में 5.1 प्रतिशत) की वृद्धि को दर्शाती है (सारणी 1)।

सेवा क्षेत्रों में 2005-06 के 10.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2006-07 में 11.0 प्रतिशत की प्रभावोत्पादक वृद्धि दर्ज होने का अनुमान है। यह वृद्धि सेवा क्षेत्र के उप क्षेत्रों अर्थात् 'व्यापार, होटल, रेस्तराँ', 'परिवहन, भंडारण और संचार' के उन्नत कार्य निष्पादन की वजह से है। 'सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ' वाले उप क्षेत्र में न्यूनतम वृद्धि हुई है। परन्तु, 'निर्माण' के उप क्षेत्र की वृद्धि में गिरावट हुई है।

'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' में संशोधित प्राक्कलनों के अनुसार उपादान लागत पर वास्तविक जीडीपी का हिस्सा 2005-06 के 19.7 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 18.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। 'उद्योग' का हिस्सा 2004-05 के 19.6 प्रतिशत से घटकर 2005-06 में 19.4 प्रतिशत हुआ था। पर 2006-07 में वह बढ़कर 19.7 प्रतिशत हुआ है। वास्तविक जीडीपी में 'सेवाओं'

**चार्ट 1: वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की क्षेत्रीय वृद्धि दरें**




का हिस्सा, 2005-06 के 60.2 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 61.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 'व्यापार, होटल, रेस्तराँ', 'परिवहन, भंडारण और संचार' (2005-06 के 26.1 प्रतिशत से 2006-07 में 27.0 प्रतिशत) तथा 'वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ' (2005-06 के 13.8 प्रतिशत से 2006-07 में 13.9 प्रतिशत) के हिस्से में मुख्यतः बढ़ोतरी होने के कारण 'सेवाएँ' क्षेत्र का हिस्सा बढ़ गया है। मुख्यतः विनिर्माण क्षेत्र में 2005-06 के 15.1 प्रतिशत से बढ़कर, 2006-07 में 15.5 प्रतिशत होने से जीडीपी में 'उद्योग' का हिस्सा बढ़ गया है। किन्तु, 'खनन और उत्खनन' का हिस्सा 2005-06 के 2.1 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 2.0 प्रतिशत हो गया है (सारणी 2)।

जीडीपी का बदलता हुआ क्षेत्रीय संघटन, भारतीय अर्थ-व्यवस्था में निरन्तर होनेवाले संरचनात्मक परिवर्तन


**सारणी 2: उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद का क्षेत्रीय संघटन (1999-2000 के मूल्यों पर)**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05@ | 2005-06* | 2006-07# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | **25.0** | **23.9** | **24.0** | **21.5** | **21.7** | **20.2** | **19.7** | **18.5** |
| **II. उद्योग** | **19.6** | **20.0** | **19.3** | **19.9** | **19.4** | **19.6** | **19.4** | **19.7** |
| क) खनन और उत्खनन | 2.3 | 2.3 | 2.2 | 2.3 | 2.2 | 2.2 | 2.1 | 2.0 |
| ख) विनिर्माण | 14.8 | 15.3 | 14.8 | 15.2 | 15.0 | 15.1 | 15.1 | 15.5 |
| ग) बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 2.5 | 2.4 | 2.3 | 2.4 | 2.3 | 2.3 | 2.2 | 2.2 |
| **III. सेवाएँ** | **55.4** | **56.1** | **56.7** | **58.7** | **58.8** | **60.2** | **60.9** | **61.8** |
| क) निर्माण | 5.7 | 5.8 | 5.7 | 5.9 | 6.1 | 6.5 | 6.8 | 6.9 |
| ख) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 14.2 | 14.3 | 14.9 | 15.3 | 15.5 | 15.7 | 15.5 | 27.0^ |
| ग) परिवहन, भंडारण और संचार | 7.5 | 8.0 | 8.1 | 8.9 | 9.4 | 10.1 | 10.6 | .. |
| घ) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 13.1 | 13.0 | 13.2 | 13.8 | 13.4 | 13.5 | 13.8 | 13.9 |
| ङ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 14.9 | 15.0 | 14.7 | 14.8 | 14.3 | 14.4 | 14.2 | 14.0 |
| **IV. सकल घरेलू उत्पाद (I+II+III)** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** | **100** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन। * : त्वरित प्राक्कलन। # : संशोधित प्राक्कलन।
.. : उपलब्ध नहीं ^ : परिवहन, भंडारण और संचार शामिल है।

**चार्ट 2: सकल घरेलू उत्पाद का क्षेत्रीय संघटन**




का सबूत हो सकता है। 'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' का हिस्सा 1999-2000 के 25.0 प्रतिशत से निरन्तर घटकर 2006-07 में 18.5 प्रतिशत हो गया है। तथापि, 'सेवाएँ' क्षेत्र का हिस्सा 1999-2000 के 55.4 प्रतिशत से लगातार बढ़कर 2006-07 में 61.8 प्रतिशत हो गया है। परन्तु, उसी अवधि के दौरान 'उद्योग' का हिस्सा 19.3 प्रतिशत से 20.0 प्रतिशत की सीमा के अन्दर (चार्ट 2) बना रहा।

### *1.2 वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में क्षेत्रीय अंशदान :*

2006-07 में 9.4 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि-दर, 'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' के 0.5 प्रतिशत, 'उद्योग' के 2.1 प्रतिशत और 'सेवा' क्षेत्र के 6.7 प्रतिशत (सारणी 3) की भारित वृद्धि दरों का योग था। ये भारित वृद्धि-दरें 2005-06 में क्रमशः 1.2


**सारणी 3: उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को क्षेत्रीय अंशदान (1999-2000 के मूल्यों पर)**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05@ | 2005-06* | 2006-07# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | **0.7** | **-0.1** | **1.5** | **-1.7** | **2.1** | **0.0** | **1.2** | **0.5** |
| **II. उद्योग** | **0.7** | **1.3** | **0.5** | **1.3** | **1.2** | **1.6** | **1.6** | **2.1** |
| क) खनन और उत्खनन | 0.1 | 0.1 | 0.0 | 0.2 | 0.1 | 0.2 | 0.1 | 0.1 |
| ख) विनिर्माण | 0.5 | 1.1 | 0.4 | 1.0 | 1.0 | 1.3 | 1.4 | 1.9 |
| ग) बिजली, गैस और जल आपूर्ति | 0.1 | 0.1 | 0.0 | 0.1 | 0.1 | 0.2 | 0.1 | 0.2 |
| **III. सेवाएँ** | **5.0** | **3.2** | **3.8** | **4.2** | **5.2** | **5.9** | **6.2** | **6.7** |
| क) निर्माण | 0.3 | 0.4 | 0.2 | 0.5 | 0.7 | 0.9 | 0.9 | 0.7 |
| ख) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 1.0 | 0.7 | 1.4 | 1.1 | 1.6 | 1.3 | 1.3 | 3.4^ |
| ग) परिवहन, भंडारण और संचार | 0.7 | 0.9 | 0.7 | 1.2 | 1.4 | 1.5 | 1.5 | .. |
| घ) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 1.2 | 0.5 | 0.9 | 1.1 | 0.8 | 1.2 | 1.5 | 1.5 |
| ङ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 1.6 | 0.7 | 0.6 | 0.6 | 0.8 | 1.1 | 1.1 | 1.1 |
| **IV. सकल घरेलू उत्पाद (I+II+III)** | **6.4** | **4.4** | **5.8** | **3.8** | **8.5** | **7.5** | **9.0** | **9.4** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन। * : त्वरित प्राक्कलन। # : संशोधित प्राक्कलन।
.. : उपलब्ध नहीं। ^ : परिवहन, भंडारण और संचार शामिल है।
**टिप्पणी :** पूर्णांकित किये जाने से क्षेत्रीय दरों का योग जीडीपी वृद्धि का नहीं हो सकता।

**चार्ट 3: वास्तविक जी.डी.पी. की वृद्धि को क्षेत्रीय अंशदान**





प्रतिशत, 1.6 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत थीं। जीडीपी की वृद्धि को 100 प्रतिशत की सामान्य दर पर बना लेने से 2006-07 में उस वृद्धि में क्षेत्रीय अंशदान 'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' का 5.6 प्रतिशत, 'उद्योग' का 22.8 प्रतिशत, और 'सेवा' क्षेत्र का 71.5 प्रतिशत का बनता है जबकि वर्ष 2005-06 में यह अंशदान 'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' का 13.5 प्रतिशत, 'उद्योग' का 17.5 प्रतिशत तथा 'सेवा' क्षेत्र का 69.0 प्रतिशत रहा (चार्ट 3)।

## 2. घरेलू बचत की प्रवृत्तियाँ :

त्वरित प्राक्कलनों के अनुसार भारत में सकल घरेलू बचत (आधार वर्ष : 1999-2000) वर्तमान बाजार मूल्यों पर 2004-05 के 31.1 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 में 32.4 प्रतिशत हो गयी है। इसका मुख्य कारण है निजी कंपनी बचत और घरेलू बचत का उन्नत कार्य-निष्पादन। 2003-04 से सरकारी क्षेत्र की बचत में महत्वपूर्ण स्थिति-परिवर्तन हुआ है। परिणामस्वरूप, सरकारी क्षेत्र की बचत 1999-2000 के (-) 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 में 2.0 प्रतिशत हो गयी। जीडीएस की दर में भारतीय अर्थ व्यवस्था ने विशेषतः 2000-01 से निरन्तर बढ़त (चार्ट 4, सारणी 4) दिखायी है।

भारत में जीडीएस का सबसे बड़ा अंशदाता घरेलू क्षेत्र ही रहा करता है। जीडीएस के संघटन का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि घरेलू क्षेत्र का हिस्सा 1999-2000 के 85.2 प्रतिशत से बढ़कर 2001-02 में 92.8 प्रतिशत हो गया है। किन्तु, तब से घरेलू बचत का हिस्सा घट गया और 2005-06 में वह 68.9 प्रतिशत रहा। फिर भी, निजी कंपनी क्षेत्र का हिस्सा 2004-05 के 23.0 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 में 24.9 प्रतिशत हो गया। हाल ही के वर्षों में सरकारी क्षेत्र बचत में अपनी निर्बचत की स्थिति से बदलकर बचत निर्माण क्षेत्र हो गया है, जो महत्वपूर्ण गतिविधि है।

**चार्ट 4 : सकल घरेलू बचत का संस्थान के प्रकार के अनुसार संघटन (प्रतिशत)**



**सारणी 4 : सकल घरेलू बचत और निवेश की दरें वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी का प्रतिशत**

(वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी का प्रतिशत)

| मद | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05 (अप्रा) | 2005-06 (त्व.प्रा) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| **1. घरेलू बचत** | **21.1** | **21.0** | **21.8** | **22.7** | **23.8** | **21.6** | **22.3** |
| क) वित्तीय आस्तियाँ | 10.6 | 10.2 | 10.8 | 10.3 | 11.3 | 10.2 | 11.7 |
| ख) गोचर आस्तियाँ | 10.5 | 10.8 | 10.9 | 12.4 | 12.4 | 11.4 | 10.7 |
| **2. निजी कंपनी बचत** | **4.5** | **4.3** | **3.7** | **4.2** | **4.7** | **7.1** | **8.1** |
| **3. सरकारी क्षेत्र बचत** | **-0.8** | **-1.7** | **-2.0** | **-0.6** | **1.2** | **2.4** | **2.0** |
| **4. सकल घरेलू बचत** | **24.8** | **23.7** | **23.5** | **26.4** | **29.7** | **31.1** | **32.4** |
| **5. सकल घरेलू पूँजी निर्माण** | **25.9** | **24.3** | **22.9** | **25.2** | **28.0** | **31.5** | **33.8** |
| **6. सकल पूँजी निर्माण** | **26.1** | **24.1** | **23.8** | **25.0** | **26.6** | **29.7** | **32.2** |
| क) सरकारी क्षेत्र | 7.4 | 6.9 | 6.9 | 6.1 | 6.3 | 7.1 | 7.4 |
| ख) निजी कंपनी क्षेत्र | 7.4 | 5.7 | 5.4 | 5.9 | 6.9 | 9.9 | 12.9 |
| ग) घरेलू क्षेत्र | 10.5 | 10.8 | 10.9 | 12.4 | 12.4 | 11.4 | 10.7 |
| **7. बचत-निवेश शेष (4-5)** | -1.1 | -0.6 | 0.6 | 1.2 | 1.6 | -0.4 | -1.3 |
| क) सरकारी क्षेत्र | -8.2 | -8.5 | -8.9 | -6.6 | -5.2 | -4.7 | -5.4 |
| ख) निजी कंपनी क्षेत्र | -2.9 | -1.4 | -1.7 | -1.7 | -2.2 | -2.8 | -4.8 |
| ग) घरेलू क्षेत्र | 10.6 | 10.2 | 10.8 | 10.3 | 11.3 | 10.2 | 11.7 |

अ.प्रा. : अनंतिम प्राक्कलन    त्व.प्रा. : त्वरित प्राक्कलन

**टिप्पणी** : 1. पूर्णांकित किये जाने से आंकड़ों का योग कुल नहीं हो सकता।
2. क्षेत्रीय स्तर पर बचत और सकल पूँजी निर्माण की बाकी के रूप में क्षेत्रीय बचत-निवेश के शेष का हिसाब लगाया गया है।


**स्रोत** : केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

## 3. घरेलू बचत के निर्माण की प्रवृत्तियाँ :

सकल घरेलू पूँजी निर्माण (जीडीसीएफ़) की दर 2004-05 के 31.5 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 में 33.8 प्रतिशत हो गयी। बचत-निवेश खाई (अर्थात् जीडीएस की दर से जी.डी.सी.एफ़. की दर घटाकर) 2004-05 के (-) 0.4 प्रतिशत से अधिक होकर 2005-06 में (-) 1.3 प्रतिशत हो गयी है। घरेलू क्षेत्र के पूँजी निर्माण की दर, गोचर आस्तियों में घरेलू क्षेत्र की बचत का उप परिणाम है। यह दर 2004-05 के 11.4 प्रतिशत से गिरावट दर्ज कर 2005-06 में 10.7 प्रतिशत हो गयी। निजी कंपनी क्षेत्र के पूँजी-निर्माण की दर 2004-05 के 9.9 प्रतिशत से बढ़कर 2005-06 में 12.9 प्रतिशत हो गयी और उसी अवधि के दौरान सरकारी क्षेत्र में वही दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गयी। सारणी 4 में संस्थानगत स्तर पर बचत-निवेश खाई को दिखाया गया है।

संस्थानगत प्रकार से सकल पूँजी निर्माण के संघटन से पता चलता है कि सकल पूँजी निर्माण में सरकारी क्षेत्र का हिस्सा 2004-05 के 23.9 प्रतिशत से थोड़ा-सा घटकर 2005-06 में 23.0 प्रतिशत हो गया है। सकल पूँजी-निर्माण में निजी कंपनी क्षेत्र का हिस्सा उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 2004-05 के 33.3 प्रतिशत से 2005-06 में 40.1 प्रतिशत हो गया और उसी में घरेलू क्षेत्र का हिस्सा उस अवधि के दौरान 38.4 प्रतिशत से घटकर 33.2 प्रतिशत (चार्ट 5) हो गया।

**चार्ट 5: संस्था के प्रकार से सकल पूँजी निर्माणअंशदान**





जीसीएफ में उद्योग क्षेत्र के अलग-अलग आंकड़े यह दिखाते हैं कि पूँजी निर्माण में उद्योग क्षेत्र का हिस्सा सबसे ज़्यादा था। वह 2001-02 के 32.0 प्रतिशत से बढ़कर, 2005-06 में 52.2 प्रतिशत हो गया। पूँजी-निर्माण में 'सेवा' क्षेत्र का हिस्सा 2001-02 के 56.4 प्रतिशत से घटकर 2005-06 में 40.2 प्रतिशत हो गया। पूँजी-निर्माण में 'कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ' का हिस्सा तीनों क्षेत्रों में से सबसे कम है। वह 2001-02 के 11.6 प्रतिशत से घटकर 2005-06 में 7.7 प्रतिशत (चार्ट 6, विवरण 4) हो गया।

## 4. अन्य समष्टि-आर्थिक कुल राशियां :

31 मई 2007 को प्रकाशित अपने 'राष्ट्रीय आय के संशोधित प्राक्कलन, 2006-07' में सीएसओ ने पहली बार वर्तमान और स्थिर मूल्यों के आधार पर जीडीपी के व्यय के प्राक्कलन आर्थिक गतिविधि से जीडीपी के संशोधित प्राक्कलनों के साथ प्रस्तुत किया है। ये हैं उपभोग व्यय, पूँजी-निर्माण और निवल निर्यात (अर्थात् निर्यात से आयात को घटाकर) और ये दोनों क्रमशः स्थिर तथा वर्तमान मूल्यों पर विवरण 5 (5 क और 5 ख) में प्रस्तुत हैं।

वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर जी.डी.पी. के हिस्से के रूप में कुल अंतिम उपभोग व्यय 2005-06 के 69.2 प्रतिशत से घटकर 2005-06 में 67.7 प्रतिशत हो गया है। यह मुख्यतः दिखाता है कि निजी अंतिम पूंजी निर्माण व्यय (पीएफ़सीई) का हिस्सा 2005-06 के 57.9 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 56.4 प्रतिशत हो गया है। जीडीपी के अनुपात के रूप में सकल स्थिर पूँजी निर्माण 2005-06 के 28.1 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 29.5 प्रतिशत हो गया है, जब कि 'स्टाक में परिवर्तन' दोनों वर्षों के लिए 2.9 प्रतिशत पर बना रहा तथा 'मूल्यवान वस्तुएँ' हिस्सा 2005-06 के 1.2

**चार्ट 6: सकल पूँजी निर्माण का क्षेत्रीय संघटन**



प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 1.5 प्रतिशत हो गया है। जीडीपी में निर्यात का हिस्सा 2005-06 के 20.3 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 23.0 प्रतिशत हो गया तो आयात का हिस्सा 2005-06 के 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 25.8 प्रतिशत हो गया। परिणामस्वरूप वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर जी.डी.पी. के अनुपात के रूप में निवल निर्यात सुधरकर 2005-06 के (-) 3.0 प्रतिशत से 2006-07 में (-) 2.8 प्रतिशत हो गया।

यह कहा जा सकता है कि निवल अप्रत्यक्ष करों से (अप्रत्यक्ष कर से आर्थिक सहायता को घटाकर प्राक्कलित) मूल्य बढ़ाकर आर्थिक गतिविधि के आधार पर बाज़ार मूल्यों पर प्राक्कलित जीडीपी और व्यय पक्ष से प्राक्कलित जीडीपी में अंतर होने के कारण कुछ 'विसंगतियां' पैदा होती हैं। 2005-06 के तदनुरूपी 1.6 प्रतिशत के मुकाबले 2006-07 के दौरान वर्तमान बाजार मूल्यों पर जीडीपी के 1.2 प्रतिशत की विसंगतियां अनुमानित हैं।

कुछ अन्य महत्वपूर्ण कुल राशियों के बारे में कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय आय कहलायी जानेवाली, उपादान लागत पर वास्तविक निवल राष्ट्रीय उत्पाद (1999-2000 के मूल्य पर) 2006-07 में 9.9 प्रतिशत की दर तक बढ़ने का अनुमान है। तदनुसार प्रति व्यक्ति आय (अर्थात् उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय उत्पाद) 2005-06 के 7.4 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 8.4 प्रतिशत (विवरण 5क) बन जाने का अनुमान है।

[1] सकल राष्ट्रीय उत्पाद को मूल्यह्रास के लिए समायोजित करने के बाद निवल राष्ट्रीय उत्पाद प्राप्त किया गया है। राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) में अचल पूँजी की खपत मूल्यह्रास को दिखाती है।

**विवरण 1 : उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद की क्षेत्रीय वृद्धि और संघटन की प्रवृत्तियां (1999-2000 के मूल्यों पर)**

| मद | 1999-2000 | | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. कृषि, वानिकी और मछुवाही** | **446515** (25.0) | **2.7** | **445594** (23.9) | **-0.2** | **473530** (24.0) | **6.3** | **439321** (21.5) | **-7.2** |
| **II. उद्योग** | **350233** (19.6) | **3.5** | **372599** (20.0) | **6.4** | **381366** (19.3) | **2.4** | **407276** (19.9) | **6.8** |
| क) खनन और उत्खनन | 41594 (2.3) | 3.2 | 42589 (2.3) | 2.4 | 43335 (2.2) | 1.8 | 47168 (2.3) | 8.8 |
| ख) विनिर्माण | 264113 (14.8) | 3.2 | 284571 (15.3) | 7.7 | 291803 (14.8) | 2.5 | 311685 (15.2) | 6.8 |
| ग) विद्युत, गैस और जल आपूर्ति | 44526 (2.5) | 5.5 | 45439 (2.4) | 2.1 | 46228 (2.3) | 1.7 | 48423 (2.4) | 4.7 |
| **III. सेवाएँ** | **989778** (55.4) | **9.3** | **1046578** (56.1) | **5.7** | **1118016** (56.7) | **6.8** | **1201136** (58.7) | **7.4** |
| क) निर्माण | 102007 (5.7) | 8.4 | 108362 (5.8) | 6.2 | 112692 (5.7) | 4.0 | 121650 (5.9) | 7.9 |
| ख) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 254143 (14.2) | 7.3 | 267325 (14.3) | 5.2 | 293075 (14.9) | 9.6 | 313221 (15.3) | 6.9 |
| ग) परिवहन, भंडारण और संचार | 133371 (7.5) | 10.2 | 148339 (8.0) | 11.2 | 160516 (8.1) | 8.2 | 182273 (8.9) | 13.6 |
| घ) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 233550 (13.1) | 9.2 | 243087 (13.0) | 4.1 | 260791 (13.2) | 7.3 | 281611 (13.8) | 8.0 |
| ङ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 266707 (14.9) | 11.5 | 279465 (15.0) | 4.8 | 290942 (14.7) | 4.1 | 302381 (14.8) | 3.9 |
| **उपादान लागत पर सघउ (I+II+III)** | **1786526** (100.0) | **6.4** | **1864772** (100.0) | **4.4** | **1972912** (100.0) | **5.8** | **2047733** (100.0) | **3.8** |

## विवरण 1 : उपादान लागत पर सकल घरेलू उत्पाद की क्षेत्रीय वृद्धि और संघटन की प्रवृत्तियां (1999-2000 के मूल्यों पर) *(समाप्त)*

| मद | 2003-04 | | 2004-05@ | | 2005-06* | | 2006-07# | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) |
| 1 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| **I. कृषि, वानिकी और मछुवाही** | **483274** (21.7) | **10.0** | **483080** (20.2) | **0.0** | **512147** (19.7) | **6.0** | **525875** (18.5) | **2.7** |
| **II. उद्योग** | **431724** (19.4) | **6.0** | **467896** (19.6) | **8.4** | **505485** (19.4) | **8.0** | **561086** (19.7) | **11.0** |
| क) खनन और उत्खनन | 48626 (2.2) | 3.1 | 52250 (2.2) | 7.5 | 54128 (2.1) | 3.6 | 56912 (2.0) | 5.1 |
| ख) विनिर्माण | 332363 (15.0) | 6.6 | 361115 (15.1) | 8.7 | 393956 (15.1) | 9.1 | 442503 (15.5) | 12.3 |
| ग) विद्युत, गैस और जल आपूर्ति | 50735 (2.3) | 4.8 | 54531 (2.3) | 7.5 | 57401 (2.2) | 5.3 | 61671 (2.2) | 7.4 |
| **III. सेवाएँ** | **1307593** (58.8) | **8.9** | **1438684** (60.2) | **10.0** | **1586900** (60.9) | **10.3** | **1761195** (61.8) | **11.0** |
| क) निर्माण | 136225 (6.1) | 12.0 | 155431 (6.5) | 14.1 | 177543 (6.8) | 14.2 | 196555 (6.9) | 10.7 |
| ख) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 345424 (15.5) | 10.3 | 374312 (15.7) | 8.4 | 404919 (15.5) | 8.2 | 768578 (27.0) | 13.0 ^ |
| ग) परिवहन, भंडारण और संचार | 209879 (9.4) | 15.1 | 241711 (10.1) | 15.2 | 275318 (10.6) | 13.9 | .. .. | .. |
| घ) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 297326 (13.4) | 5.6 | 323187 (13.5) | 8.7 | 358535 (13.8) | 10.9 | 396394 (13.9) | 10.6 |
| ङ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 318739 (14.3) | 5.4 | 344042 (14.4) | 7.9 | 370584 (14.2) | 7.7 | 399668 (14.0) | 7.8 |
| **उपादान लागत पर - सघउ (I+II+III)** | **2222592** (100.0) | **8.5** | **2389660** (100.0) | **7.5** | **2604532** (100.0) | **9.0** | **2848157** (100.0) | **9.4** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन * : त्वरित प्राक्कलन

# : संशोधित प्राक्कलन .. : उपलब्ध नहीं

^ : परिवहन, भंडारण और संचार शामिल हैं।

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े जीडीपी के प्रतिशतीय हिस्से हैं।

**स्रोत :** केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन

## विवरण 2 : संस्थान के प्रकार के अनुसार घरेलू बचत (वर्तमान मूल्यों पर)

| मद | 1999-00 | 2000-01 | 2001-02 | 2002-03 | 2003-04 | 2004-05@ | 2005-06* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| **I. सकल घरेलू बचत (II+III+IV)** | 484256 | 497218 | 535583 | 648982 | 820504 | 973028 | 1156809 |
| | (24.8) | (23.7) | (23.5) | (26.4) | (29.7) | (31.1) | (32.4) |
| **II. घरेलू क्षेत्र (1+2)** | **412516** | **442136** | **496958** | **559074** | **657327** | **674834** | **797117** |
| | (21.1) | (21.0) | (21.8) | (22.7) | (23.8) | (21.6) | (22.3) |
| 1. वित्तीय बचत | 206602 | 215219 | 247476 | 253255 | 313260 | 318791 | 416462 |
| | (10.6) | (10.2) | (10.8) | (10.3) | (11.3) | (10.2) | (11.7) |
| 2. गोचर बचत | 205914 | 226917 | 249482 | 305819 | 344067 | 356043 | 380655 |
| | (10.5) | (10.8) | (10.9) | (12.4) | (12.4) | (11.4) | (10.7) |
| **III. निजी कंपनी क्षेत्र** | **87234** | **90143** | **85203** | **103965** | **131355** | **223512** | **288430** |
| | (4.5) | (4.3) | (3.7) | (4.2) | (4.7) | (7.1) | (8.1) |
| **IV. सरकारी क्षेत्र** | **-15494** | **-35061** | **-46578** | **-14057** | **31822** | **74682** | **71262** |
| | (-0.8) | (-1.7) | (-2.0) | (-0.6) | (1.2) | (2.4) | (2.0) |

@ : अनंतिम प्राक्कलन * : त्वरित प्राक्कलन

**टिप्पणी :** जीडीएस और उसके घटकों की दरें जीडीपी के संबंध में वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर परिकलित हैं और कोष्ठकों में प्रस्तुत हैं।

**स्रोत :** केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।

## विवरण 3: संस्थान के प्रकार के अनुसार पूँजी निर्माण

| मद | 1999-00 | | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **वर्तमान मूल्यों पर** | | | | | | | | |
| **1. सकल पूँजी निर्माण (जीसीएफ़)** | **509518** | **26.1** | **506181** | **24.1** | **543562** | **23.8** | **614679** | **25.0** |
| (क) सरकारी क्षेत्र | 144610 | 7.4 | 144639 | 6.9 | 156544 | 6.9 | 149324 | 6.1 |
| (ख) निजी कंपनी क्षेत्र | 143475 | 7.4 | 119901 | 5.7 | 123349 | 5.4 | 145579 | 5.9 |
| (ग) घरेलू क्षेत्र | 205914 | 10.5 | 226917 | 10.8 | 249482 | 10.9 | 305819 | 12.4 |
| **2. सकल अचल पूँजी निर्माण** | **456416** | **23.4** | **478317** | **22.8** | **525452** | **23.0** | **584366** | **23.8** |
| **3. स्टॉक में परिवर्तन** | **37583** | **1.9** | **13140** | **0.6** | **3923** | **0.2** | **16356** | **0.7** |
| **4. भूल-चूक** | **-3274** | **-0.2** | **3791** | **0.2** | **-22208** | **-1.0** | **5816** | **0.2** |
| **5. सकल घरेलू पूँजी निर्माण (जीडीसीएफ़)** | **506244** | **25.9** | **509972** | **24.3** | **521355** | **22.9** | **620496** | **25.2** |
| **1999-2000 के मूल्यों पर** | | | | | | | | |
| **1. सकल पूँजी निर्माण (जीसीएफ़)** | **509518** | **26.1** | **484951** | **23.9** | **495113** | **23.2** | **548554** | **24.8** |
| (क) सरकारी क्षेत्र | 144610 | 7.4 | 140239 | 6.9 | 144322 | 6.8 | 134108 | 6.1 |
| (ख) निजी कंपनी क्षेत्र | 143475 | 7.4 | 114481 | 5.6 | 111735 | 5.2 | 128669 | 5.8 |
| (ग) घरेलू क्षेत्र | 205914 | 10.5 | 215975 | 10.6 | 225567 | 10.6 | 272847 | 12.3 |
| **2. सकल अचल पूँजी निर्माण** | **456416** | **23.4** | **457888** | **22.5** | **478587** | **22.4** | **520164** | **23.5** |
| **3. स्टॉक में परिवर्तन** | **37583** | **1.9** | **12807** | **0.6** | **3037** | **0.1** | **15460** | **0.7** |
| **4. भूल-चूक** | **-3724** | **-0.2** | **3629** | **0.2** | **-20228** | **-0.9** | **5177** | **0.2** |
| **5. सकल घरेलू पूँजी निर्माण (जीडीसीएफ़)** | **506244** | **25.9** | **488579** | **24.1** | **474885** | **22.2** | **553731** | **25.0** |

## विवरण 3: संस्थान के प्रकार के अनुसार पूँजी निर्माण *(समाप्त)*

| मद | 2003-04 | | 2004-05@ | | 2005-06* | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| **वर्तमान मूल्यों पर** | | | | | | |
| **1. सकल पूँजी निर्माण (जीसीएफ़)** | **734585** | **26.6** | **927629** | **29.7** | **1147253** | **32.2** |
| (क) सरकारी क्षेत्र | 174597 | 6.3 | 220487 | 7.1 | 264426 | 7.4 |
| (ख) निजी कंपनी क्षेत्र | 191349 | 6.9 | 310045 | 9.9 | 459715 | 12.9 |
| (ग) घरेलू क्षेत्र | 344067 | 12.4 | 356043 | 11.4 | 380655 | 10.7 |
| **2. सकल अचल पूँजी निर्माण** | **687150** | **24.8** | **822786** | **26.3** | **1000760** | **28.1** |
| **3. स्टॉक में परिवर्तन** | **22863** | **0.8** | **63789** | **2.0** | **104036** | **2.9** |
| **4. भूल-चूक** | **40538** | **1.5** | **58737** | **1.9** | **57220** | **1.6** |
| **5. सकल घरेलू पूँजी निर्माण (जीडीसीएफ़)** | **775124** | **28.0** | **986366** | **31.5** | **1204474** | **33.8** |
| **1999-2000 के मूल्यों पर** | | | | | | |
| **1. सकल पूँजी निर्माण (जीसीएफ़)** | **624680** | **26.0** | **737823** | **28.4** | **870619** | **30.6** |
| (क) सरकारी क्षेत्र | 145240 | 6.0 | 169134 | 6.5 | 195484 | 6.9 |
| (ख) निजी कंपनी क्षेत्र | 160778 | 6.7 | 246348 | 9.5 | 347698 | 12.2 |
| (ग) घरेलू क्षेत्र | 297121 | 12.4 | 288468 | 11.1 | 293445 | 10.3 |
| **2. सकल अचल पूँजी निर्माण** | **588088** | **24.5** | **657317** | **25.3** | **757806** | **26.7** |
| **3. स्टॉक में परिवर्तन** | **15051** | **0.6** | **46633** | **1.8** | **78821** | **2.8** |
| **4. भूल-चूक** | **34695** | **1.4** | **46924** | **1.8** | **43329** | **1.5** |
| **5. सकल पूँजी निर्माण (जीसीएफ़)** | **659375** | **27.4** | **784747** | **30.2** | **913948** | **32.2** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन    * : त्वरित प्राक्कलन

**टिप्पण :** 1. जीसीएफ़ और उसके घटकों की दरें जीडीपी के संबंध में वर्तमान/स्थिर मूल्यों पर परिकलित हैं।

2. भूल-चूकों के लिए समायोजित जीसीएफ़ ही जीडीसीएफ़ है।

**स्रोत :** केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।

**विवरण 4 : पूंजी निर्माण का क्षेत्रीय संघटन**
**(1999-2000 के मूल्यों पर)**

| मद | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| **I. कृषि, वानिकी और मछुवाही** | **45186** (9.6) | **2.2** | **55806** (11.6) | **2.6** | **55668** (10.4) | **2.5** |
| क) कृषि | 38735 (8.2) | 1.9 | 47043 (9.8) | 2.2 | 46823 (8.7) | 2.1 |
| **II. उद्योग** | **183077** (38.9) | **9.0** | **154315** (32.0) | **7.2** | **204638** (38.2) | **9.2** |
| क) खनन और उत्खनन | 5804 (1.2) | 0.3 | 8366 (1.7) | 0.4 | 8383 (1.6) | 0.4 |
| ख) विनिर्माण | 138330 (29.4) | 6.8 | 103683 (21.5) | 4.9 | 157018 (29.3) | 7.1 |
| ग) विद्युत, गैस और जल आपूर्ति | 38943 (8.3) | 1.9 | 42266 (8.8) | 2.0 | 39237 (7.3) | 1.8 |
| **III. सेवाएँ** | **242431** (51.5) | **11.9** | **271504** (56.4) | **12.7** | **275319** (51.4) | **12.4** |
| क) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 20073 (4.3) | 1.0 | 22967 (4.8) | 1.1 | 5413 (1.0) | 0.2 |
| ख) परिवहन, भंडारण और संचार | 75806 (16.1) | 3.7 | 58838 (12.2) | 2.8 | 72609 (13.6) | 3.3 |
| ग) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 80089 (17.0) | 3.9 | 103516 (21.5) | 4.8 | 101882 (19.0) | 4.6 |
| घ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 57366 (12.2) | 2.8 | 70831 (14.7) | 3.3 | 78710 (14.7) | 3.6 |
| ङ) निर्माण | 9097 (1.9) | 0.4 | 15352 (3.2) | 0.7 | 16705 (3.1) | 0.8 |
| **IV. सकल पूँजी निर्माण (I+II+III)** | **470694** (100.0) | **23.2** | **481625** (100.0) | **22.5** | **535624** (100.0) | **24.2** |

**विवरण 4 : पूंजी निर्माण का क्षेत्रीय संघटन**
**(1999-2000 के मूल्यों पर)** *(समाप्त)*

| मद | 2003-04 | | 2004-05@ | | 2005-06* | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | वृद्धि-दर (प्रतिशत) |
| 1 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| **I. कृषि, वानिकी और मछुवाही** | **53840** (8.9) | **2.2** | **57253** (8.1) | **2.2** | **64131** (7.7) | **2.3** |
| क) कृषि | 45132 (7.5) | 1.9 | 48576 (6.9) | 1.9 | 54539 (6.5) | 1.9 |
| **II. उद्योग** | **257785** (42.7) | **10.7** | **349402** (49.6) | **13.4** | **436475** (52.2) | **15.4** |
| क) खनन और उत्खनन | 13990 (2.3) | 0.6 | 13348 (1.9) | 0.5 | 15230 (1.8) | 0.5 |
| ख) विनिर्माण | 196008 (32.5) | 8.2 | 290137 (41.2) | 11.1 | 373616 (44.7) | 13.1 |
| ग) विद्युत, गैस और जल आपूर्ति | 47787 (7.9) | 2.0 | 45917 (6.5) | 1.8 | 47629 (5.7) | 1.7 |
| **III. सेवाएँ** | **291515** (48.3) | **12.1** | **297294** (42.2) | **11.4** | **336024** (40.2) | **11.8** |
| क) व्यापार, होटल और रेस्तरां | 19295 (3.2) | 0.8 | 20302 (2.9) | 0.8 | 22092 (2.6) | 0.8 |
| ख) परिवहन, भंडारण और संचार | 70383 (11.7) | 2.9 | 80122 (11.4) | 3.1 | 78595 (9.4) | 2.8 |
| ग) वित्तीयन, बीमा, स्थावर संपदा और कारबार सेवाएँ | 101587 (16.8) | 4.2 | 80363 (11.4) | 3.1 | 90442 (10.8) | 3.2 |
| घ) सामुदायिक, सामाजिक और निजी सेवाएँ | 81754 (13.6) | 3.4 | 100335 (14.3) | 3.9 | 128026 (15.3) | 4.5 |
| ङ) निर्माण | 18496 (3.1) | 0.8 | 16172 (2.3) | 0.6 | 16869 (2.0) | 0.6 |
| **IV. सकल पूँजी निर्माण (I+II+III)** | **603140** (100.0) | **25.1** | **703949** (100.0) | **27.1** | **836629** (100.0) | **29.4** |

@ : अनंतिम प्राक्कलन * : त्वरित प्राक्कलन

**टिप्पण :** 1. जीसीएफ़ और उसके घटकों की दरें जीडीपी के संबंध में स्थिर मूल्यों पर परिकलित हैं।
2. कोष्ठकों के आंकड़े सकलपूँजी निर्माण के हिस्से हैं।

**स्रोत :** केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।

## विवरण 5 क : चुनिंदा समष्टि आर्थिक कुल राशियों की प्रवृत्तियाँ (1999-2000 के मूल्यों पर)

| मद | 1999-00 | | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. उत्पाद कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. उपादान लागत पर जीडीपी | 1786525 | 6.4 | 1864773 | 4.4 | 1972911 | 5.8 | 2047732 | 3.8 |
| 2. उपादान लागत पर एनडीपी | 1600933 | 6.2 | 1666543 | 4.1 | 1760547 | 5.6 | 1820235 | 3.4 |
| 3. बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी | 1952035 | 7.4 | 2030867 | 4.0 | 2136635 | 5.2 | 2216260 | 3.7 |
| 4. बाज़ार मूल्यों पर एनडीपी | 1766442 | 7.3 | 1832637 | 3.7 | 1924270 | 5.0 | 1988762 | 3.4 |
| 5. उपादान लागत पर जीएनपी | 1771094 | 6.4 | 1842228 | 4.0 | 1952241 | 6.0 | 2028928 | 3.9 |
| 6. उपादान लागत पर एनएनपी | 1585501 | 6.2 | 1643998 | 3.7 | 1739876 | 5.8 | 1801430 | 3.5 |
| 7. बाज़ार मूल्यों पर जीएनपी | 1936604 | 7.4 | 2008322 | 3.7 | 2115964 | 5.4 | 2197455 | 3.9 |
| 8. बाज़ार मूल्यों पर एनएनपी | 1751011 | 7.3 | 1810092 | 3.4 | 1903599 | 5.2 | 1969957 | 3.5 |
| 9. उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति एनएनपी | 15839 | 4.3 | 16133 | 1.9 | 16762 | 3.9 | 17075 | 1.9 |
| **II. मांग कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. कुल अंतिम खपत व्यय | 1506387<br>(77.2) | 6.8 | 1540266<br>(75.8) | 2.2 | 1622740<br>(75.9) | 5.4 | 1651465<br>(74.5) | 1.8 |
| 2. प्राइवेट अंतिम खपत व्यय | 1253643<br>(64.2) | 5.7 | 1286314<br>(63.3) | 2.6 | 1363797<br>(63.8) | 6.0 | 1393435<br>(62.9) | 2.2 |
| 3. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 252744<br>(12.9) | 5.3 | 253952<br>(12.0) | 0.5 | 258943<br>(12.1) | 2.0 | 258030<br>(11.6) | -0.4 |
| 4. निर्यात | 227697<br>(11.7) | 18.0 | 269241<br>(13.3) | 18.2 | 284498<br>(13.3) | 5.7 | 346546<br>(15.6) | 21.8 |
| 5. *घटाएँ:* आयात | 265702<br>(13.6) | 7.0 | 274975<br>(13.5) | 3.5 | 284324<br>(13.3) | 3.4 | 313775<br>(14.2) | 10.4 |
| 6. सकल अचल पूँजी निर्माण | 456416<br>(23.4) | 7.0 | 457888<br>(22.5) | 0.3 | 478587<br>(22.4) | 4.5 | 520164<br>(23.5) | 8.7 |
| 7. स्टॉक में परिवर्तन | 37583<br>(1.9) | | 12807<br>(0.6) | | 3037<br>(0.1) | | 15460<br>(0.7) | |
| 8. मूल्यवान वस्तुएँ | 15519<br>(0.8) | | 14256<br>(0.7) | | 13489<br>(0.6) | | 12930<br>(0.6) | |
| 9. विसंगतियाँ | -25865<br>(-1.3) | | 11384<br>(0.6) | | 18608<br>(0.9) | | -16530<br>(-0.7) | |

## विवरण 5 क : चुनिंदा समष्टि आर्थिक कुल राशियों की प्रवृत्तियाँ (1999-2000 के मूल्यों पर) *(समाप्त)*

| मद | 2003-04 | | 2004-05@ | | 2005-06* | | 2006-07# | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| **I. उत्पाद कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. उपादान लागत पर जीडीपी | 2222591 | 8.5 | 2389660 | 7.5 | 2604532 | 9.0 | 2848157 | 9.4 |
| 2. उपादान लागत पर एनडीपी | 1977444 | 8.6 | 2125299 | 7.5 | 2319014 | 9.1 | 2541384 | 9.6 |
| 3. बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी | 2402247 | 8.4 | 2602235 | 8.3 | 2842478 | 9.2 | 3108360 | 9.4 |
| 4. बाज़ार मूल्यों पर एनडीपी | 2157100 | 8.5 | 2337874 | 8.4 | 2556960 | 9.4 | .. | .. |
| 5. उपादान लागत पर जीएनपी | 2204746 | 8.7 | 2367711 | 7.4 | 2580761 | 9.0 | 2829349 | 9.6 |
| 6. उपादान लागत पर एनएनपी | 1959599 | 8.8 | 2103350 | 7.3 | 2295243 | 9.1 | 2522576 | 9.9 |
| 7. बाज़ार मूल्यों पर जीएनपी | 2384402 | 8.5 | 2580286 | 8.2 | 2818707 | 9.2 | .. | .. |
| 8. बाज़ार मूल्यों पर एनएनपी | 2139255 | 8.6 | 2315925 | | 2533189 | 9.4 | .. | .. |
| 9. उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति एनएनपी | 18263 | 7.0 | 19297 | 5.7 | 20734 | 7.4 | 22483 | 8.4 |
| **II. मांग कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. कुल अंतिम खपत व्यय | 1753507 | 6.2 | 1847887 | 5.4 | 1981112 | 7.2 | 2112410 | 6.6 |
| | (73.0) | | (71.0) | | (69.7) | | (68.0) | |
| 2. प्राइवेट अंतिम खपत व्यय | 1489043 | 6.9 | 1569130 | 5.4 | 1675025 | 6.7 | 1778697 | 6.2 |
| | (62.0) | | (60.3) | | (58.9) | | (57.2) | |
| 3. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 264464 | 2.5 | 278757 | 5.4 | 306087 | 9.8 | 333713 | 9.0 |
| | (11.0) | | (10.7) | | (10.8) | | (10.7) | |
| 4. निर्यात | 366729 | 5.8 | 469902 | 28.1 | 497683 | 5.9 | 540721 | 8.6 |
| | (15.3) | | (18.1) | | (17.5) | | (17.4) | |
| 5. *घटाएँ:* आयात | 366445 | 16.8 | 411535 | 12.3 | 453922 | 10.3 | 505871 | 11.4 |
| | (15.3) | | (15.8) | | (16.0) | | (16.3) | |
| 6. सकल अचल पूँजी निर्माण | 588088 | 13.1 | 657317 | 11.8 | 757806 | 15.3 | 868618 | 14.6 |
| | (24.5) | | (25.3) | | (26.7) | | (27.9) | |
| 7. स्टॉक में परिवर्तन | 15051 | | 46633 | | 78821 | | 86840 | |
| | (0.6) | | (1.8) | | (2.8) | | (2.8) | |
| 8. मूल्यवान वस्तुएँ | 21541 | | 33873 | | 33992 | | 46921 | |
| | (0.9) | | (1.3) | | (1.2) | | (1.5) | |
| 9. विसंगतियाँ | 23776 | | -41842 | | -53014 | | -41279 | |
| | (1.0) | | (-1.6) | | (-1.9) | | (-1.3) | |

@ : अनंतिम प्राक्कलन     * : त्वरित प्राक्कलन

# : संशोधित प्राक्कलन     .. : उपलब्ध नहीं

मूल्यवान वस्तुएँ : कलाकृति और पुरावशेष को छोड़कर मूल्यवान वस्तुओं के अभिग्रहण पर किया गया व्यय।

**टिप्पण :** कोष्ठकों के आंकड़े स्थिर बाजार मूल्यों पर जीडीपी का प्रतिशत हैं।

**स्रोत :** केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।

**विवरण 5 ख : चुनिंदा समष्टि आर्थिक कुल राशियों की प्रवृत्तियाँ (वर्तमान मूल्यों पर)**

| मद | 1999-00 | | 2000-01 | | 2001-02 | | 2002-03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| **I. उत्पाद कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. उपादान लागत पर जीडीपी | 1786525 | 10.5 | 1925415 | 7.8 | 2100187 | 9.1 | 2265304 | 7.9 |
| 2. उपादान लागत पर एनडीपी | 1600932 | 15.6 | 1719120 | 7.4 | 1867735 | 8.6 | 2010536 | 7.6 |
| 3. बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी | 1952035 | 11.5 | 2102375 | 7.7 | 2281058 | 8.5 | 2458084 | 7.8 |
| 4. बाज़ार मूल्यों पर एनडीपी | 1766442 | 11.5 | 1896080 | 7.3 | 2048606 | 8.0 | 2203316 | 7.6 |
| 5. उपादान लागत पर जीएनपी | 1771094 | 10.6 | 1902682 | 7.4 | 2080119 | 9.3 | 2248614 | 8.1 |
| 6. उपादान लागत पर एनएनपी | 1585501 | 10.5 | 1696388 | 7.0 | 1847667 | 8.9 | 1993846 | 7.9 |
| 7. बाज़ार मूल्यों पर जीएनपी | 1936604 | 11.5 | 2079642 | 7.4 | 2260990 | 8.7 | 2441394 | 8.0 |
| 8. बाज़ार मूल्यों पर एनएनपी | 1751011 | 11.5 | 1873347 | 7.0 | 2028538 | 8.3 | 2186626 | 7.8 |
| 9. उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति एनएनपी | 15839 | 8.5 | 16648 | 5.1 | 17800 | 6.9 | 18899 | 6.2 |
| **II. मांग कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. कुल अंतिम खपत व्यय | 1506387 (77.2) | 12.7 | 1605510 (76.4) | 6.6 | 1745370 (76.5) | 8.7 | 1835193 (74.7) | 5.1 |
| 2. प्राइवेट अंतिम खपत व्यय | 1253643 (64.2) | 11.8 | 1340109 (63.7) | 6.9 | 1463247 (64.1) | 9.2 | 1543873 (62.8) | 5.5 |
| 3. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 252744 (12.9) | 17.3 | 265401 (12.6) | 5.0 | 282123 (12.4) | 6.3 | 291320 (11.9) | 3.3 |
| 4. निर्यात | 227697 (11.7) | 16.6 | 278126 (13.2) | 22.1 | 290757 (12.7) | 4.5 | 355556 (14.5) | 22.3 |
| 5. *घटाएँ:* आयात | 265702 (13.6) | 18.2 | 297523 (14.2) | 12.0 | 311050 (13.6) | 4.5 | 379981 (15.5) | 22.2 |
| 6. सकल अचल पूँजी निर्माण | 456416 (23.4) | | 478317 (22.8) | | 525452 (23.0) | | 584366 (23.8) | |
| 7. स्टॉक में परिवर्तन | 37583 (1.9) | | 13140 (0.6) | | 3923 (0.2) | | 16356 (0.7) | |
| 8. मूल्यवान वस्तुएँ | 15519 (0.8) | | 14724 (0.7) | | 14187 (0.6) | | 13957 (0.6) | |
| 9. विसंगतियाँ | -25865 (-1.3) | | 10081 (0.5) | | 12419 (0.5) | | 32637 (1.3) | |

## विवरण 5 ख : चुनिंदा समष्टि आर्थिक कुल राशियों की प्रवृत्तियाँ (वर्तमान मूल्यों पर) *(समाप्त)*

| मद | 2003-04 | | 2004-05@ | | 2005-06* | | 2006-07# | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) | राशि (करोड़ रु.) | दर (प्रतिशत) |
| 1 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| **I. उत्पाद कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. उपादान लागत पर जीडीपी | 2549418 | 12.5 | 2855933 | 12.0 | 3250932 | 13.8 | 3743472 | 15.2 |
| 2. उपादान लागत पर एनडीपी | 2264715 | 12.6 | 2523442 | 11.4 | 2871731 | 13.8 | 3317442 | 15.5 |
| 3. बाज़ार मूल्यों पर जीडीपी | 2765491 | 12.5 | 3126596 | 13.1 | 3567177 | 14.1 | 4125725 | 15.7 |
| 4. बाज़ार मूल्यों पर एनडीपी | 2480788 | 12.6 | 2794105 | 12.6 | 3187976 | 14.1 | .. | .. |
| 5. उपादान लागत पर जीएनपी | 2531168 | 12.6 | 2833558 | 11.9 | 3225963 | 13.8 | 3722669 | 15.4 |
| 6. उपादान लागत पर एनएनपी | 2246465 | 12.7 | 2501067 | 11.3 | 2846762 | 13.8 | 3296639 | 15.8 |
| 7. बाज़ार मूल्यों पर जीएनपी | 2747241 | 12.5 | 3104221 | 13.0 | 3542208 | 14.1 | .. | .. |
| 8. बाज़ार मूल्यों पर एनएनपी | 2462538 | 12.6 | 2771730 | 12.6 | 3163007 | 14.1 | .. | .. |
| 9. उपादान लागत पर प्रति व्यक्ति एनएनपी | 20936 | 10.8 | 22946 | 9.6 | 25716 | 12.1 | 29382 | 14.3 |
| **II. मांग कुल राशियाँ** | | | | | | | | |
| 1. कुल अंतिम खपत व्यय | 2020024 (73.0) | 10.1 | 2208187 (70.6) | 9.3 | 2469149 (69.2) | 11.8 | 2795033 (67.7) | 13.2 |
| 2. प्राइवेट अंतिम खपत व्यय | 1709389 (61.8) | 10.7 | 1865645 (59.7) | 9.1 | 2064638 (57.9) | 10.7 | 2327331 (56.4) | 12.7 |
| 3. सरकारी अंतिम खपत व्यय | 310635 (11.2) | 6.6 | 342542 (11.0) | 10.3 | 404511 (11.3) | 18.1 | 467702 (11.3) | 15.6 |
| 4. निर्यात | 407803 (14.7) | 14.7 | 569051 (18.2) | 39.5 | 725124 (20.3) | 27.4 | 947868 (23.0) | 30.7 |
| 5. *घटाएँ:* आयात | 443398 (16.0) | 16.7 | 625945 (20.0) | 41.2 | 830678 (23.3) | 32.7 | 1064606 (25.8) | 28.2 |
| 6. सकल अचल पूँजी निर्माण | 687150 (24.8) | | 822786 (26.3) | | 1000760 (28.1) | | 1216552 (29.5) | |
| 7 स्टॉक में परिवर्तन | 22863 (0.8) | | 63789 (2.0) | | 104036 (2.9) | | 120620 (2.9) | |
| 8. मूल्यवान वस्तुएँ | 24572 (0.9) | | 41054 (1.3) | | 42457 (1.2) | | 61138 (1.5) | |
| 9 विसंगतियाँ | 46477 (1.7) | | 47674 (1.5) | | 56329 (1.6) | | 49120 (1.2) | |

@ : अनंतिम प्राक्कलन    * : त्वरित प्राक्कलन

# : संशोधित प्राक्कलन    .. : उपलब्ध नहीं

मूल्यवान वस्तुएँ : कलाकृति और पुरावशेष को छोड़कर मूल्यवान वस्तुओं के अभिग्रहण पर किया गया व्यय।

**टिप्पणी :** कोष्ठकों के आंकड़े स्थिर बाजार मूल्यों पर जीडीपी का प्रतिशत हैं।

**स्रोत** : केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन।